चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
**Chaudhary Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : परीक्षा / 7498
दिनांक : 11.01.2023

## विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित बी0ए0 / बी0काम0 तथा एम0ए0 / एम0काम0 प्रथम वर्ष (प्रयोगात्मक विषयों को छोड़कर) व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों (केवल नवीन पंजीकरण) सत्र 2022–23 की परीक्षाएं शीघ्र करवायी जानी प्रस्तावित हैं।

बी0ए0 / बी0काम0 तथा एम0ए0 / एम0काम0 प्रथम वर्ष (प्रयोगात्मक विषयों को छोड़कर) व्यक्तिगत पाठ्यक्रमों (केवल नवीन पंजीकरण) सत्र 2022–23 परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय वेबसाईट पर निम्नलिखित तिथियों के अनुसार ऑनलाईन भरे जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र / छात्राओं हेतु वेबसाईट पर ऑन–लाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि | **13-01-2023** से |
| 02. | छात्र / छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **31-01-2023** तक |
| 03. | विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित महाविद्यालय / संस्थान में छात्र / छात्राओं द्वारा समस्त आवश्यक पत्राजातों सहित भरे गये सन्दर्भित परीक्षा फार्म का ऑन लाईन सत्यापन कराये जाने की अन्तिम तिथि | **02-02-2023** तक |
| 04. | आवंटित महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा एन0आर0 सहित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **05-02-2023** तक |

महत्त्वपूर्ण निर्देश :–

1. सत्र 2022–23 हेतु बी0ए0 / बी0काम0 / एम0ए0 / एम0काम0 व्यक्तिगत नवीन पंजीकरण हेतु नियम संलग्न हैं। केवल **स्नातक एवं परास्नातक प्रथम वर्ष व्यक्तिगत नवीन पंजीकरण हेतु निम्न वेबसाईट पर लॉगिन करें।**
   ***https://ccsu.aimserp.co.in/web/registration/student-exam-form-private***
2. **यह विज्ञप्ति केवल स्नातक एवं परास्नातक व्यवक्तिगत पाठ्यक्रमों में नवीन प्रवेश के इच्छुक छात्रों के लिये है। स्नातक एवं परास्नातक व्यक्तिगत प्रथम वर्ष (भूतपूर्व छात्र / बैक), स्नातक एवं परास्नातक व्यक्तिगत द्वितीय वर्ष तथा स्नातक व्यक्तिगत तृतीय वर्ष परीक्षा फार्म भरने हेतु अलग से विज्ञप्ति जारी की जायेगी।**
3. छात्र परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध समस्त सम्बन्धित नियमों / प्रवेश नियमावली / विषय कोड पुस्तिका का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
4. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 05.01.2022 के मद संख्या–03 में लिये गये निर्णयानुसार व्यक्तिगत पाठ्यक्रम के छात्र जिस महाविद्यालय में पंजीकृत होंगे, पाठ्यक्रम की शेष अवधि उसी पंजीकरण केन्द्र से पूर्ण करेंगे।
5. **छात्र / छात्राओं को अपना प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) (यू0पी0 बोर्ड एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के छात्रों को छोड़कर) परीक्षा फार्म के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना आवश्यक है। अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।**
6. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से अनुरोध है कि परीक्षा फार्म के साथ संलग्न नामांकन प्रपत्र के साथ मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र **(Migration Certificate)** (यू0पी0 बोर्ड एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के छात्रों को छोड़कर) अनिवार्य रूप से संलग्न करते हुये अलग से सूची परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें एवं प्रवजन प्रमाण–पत्र **(Migration Certificate)** संलग्न करने वाले छात्र / छात्राओं को निर्धारित प्रारूप पर प्राप्ति प्रपत्र भी देना सुनिश्चित करें।
7. **सत्र 2021–22 एवं 2022-23 में स्नातक प्रथम वर्ष संस्थागत (B.A./B.Sc./B.Com.) में प्रविष्ट छात्रों का पाठ्यक्रम NEP-2020 के अनुसार सेमेस्टर प्रणाली में संचालित है। अतः वह वार्षिक परीक्षा प्रणाली का परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह नहीं हैं।**

क्रमशः......2

8. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो पूर्ण वर्षों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।

9. किसी भी कक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को अगली कक्षा में परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नही है अन्यथा की स्थिति में वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

10. स्नातक एवं स्नातकोत्तर व्यक्तिगत प्रथम वर्ष नवीन पंजीकरण हेतु प्रक्रिया संलग्न है।

11/01/2023

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
10. समस्त अनुभाग प्रभारी (पूछताछ केन्द्र/सूचना पट)।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, मै0 इमटैक को इस आशय के साथ प्रेषित कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर व्यक्तिगत प्रथम वर्ष (केवल नवीन पंजीकरण) के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

11/01

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : परीक्षा/7498
दिनांक – 11.01.23

**बी0ए0 / बी0कॉम0 / एम0ए0 / एम0काम0 (व्यक्तिगत) परीक्षा पाठ्यक्रम हेतु महत्वपूर्ण निर्देश**

1. विश्वविद्यालय द्वारा व्यक्तिगत मुख्य परीक्षा–2023 हेतु पंजीयन/परीक्षा फार्म भरे जाने की केन्द्रीकृत व्यवस्था स्नातक स्तर (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) एवं परास्नातक (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) के लिये लागू की गयी है।
2. स्नातक के परीक्षार्थी को विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध पाठ्यक्रम की नवीनतम विषय सूची (Code Book) में से ही किन्हीं तीन विषयों का चयन करना होगा। बी0ए0 प्रथम वर्ष में चयन किये गये विषय ही द्वितीय तथा तृतीय वर्ष में भी लेने होंगे। द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में विषय परिवर्तन किसी भी दशा में सम्भव नहीं होगा।
3. बी0ए0/बी0कॉम0 प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों को तीन विषयों के अतिरिक्त एक–एक फाउण्डेशन कोर्स का चयन करना होगा जिसके प्राप्तांक परीक्षा में जोड़े जायेंगे।
4. गणित उसी परीक्षार्थी को लेने की अनुमति होगी जिसने इण्टरमीडिएट परीक्षा गणित विषय लेकर उत्तीर्ण की हो।
5. एक साथ तीन साहित्यिक विषय लेने की अनुमति नहीं है। (यथा :– हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत आदि)
6. निम्न विषययुग्म एक साथ लेने की अनुमति नहीं है –
   (अ) अर्थशास्त्र तथा दर्शन शास्त्र (ब) हिन्दी तथा उर्दू
   (स) शिक्षा तथा मनोविज्ञान/दर्शनशास्त्र
7. व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को स्नातक स्तर पर सैन्य अध्ययन विषय अनुमन्य नहीं है।
8. क्वालीफाईंग कोर्स के अन्तर्गत संचालित "पर्यावरण–अध्ययन" (Environmental Studies) (कोड सं0–008) केवल प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए ही अनिवार्य है परन्तु ऐसे छात्र/छात्रायें जो प्रथम वर्ष में उक्त विषय की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाये हैं, इस विषय (कोड संख्या–008) की परीक्षा केवल प्रथम वर्ष की बैक पेपर परीक्षा अथवा द्वितीय वर्ष या तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण कर सकते हैं।
9. क्वालीफाईंग कोर्स के अन्तर्गत संचालित "सामान्य जागरूकता" (General Awareness) (कोड सं0–010) केवल द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए ही अनिवार्य है परन्तु ऐसे छात्र/छात्रायें जो द्वितीय वर्ष में उक्त विषय की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाये हैं, इस विषय (कोड संख्या–010) की परीक्षा केवल द्वितीय वर्ष की बैक पेपर परीक्षा या तृतीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण कर सकते हैं।
10. विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाईन प्रक्रिया अपनाते हुये समस्त व्यक्तिगत पंजीयन/परीक्षा फार्म औपबन्धिक (Provisional) रूप से भरवाये जा रहे हैं। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा गलत रूप से पंजीयन/परीक्षा फार्म भरा जाता है तो ऐसे पंजीयन/ परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

## व्यक्तिगत परीक्षा के लिए पात्रता एवं मुख्य नियम

इन सभी नियमों की जांच परीक्षा फार्म जमा करने से पूर्व महाविद्यालय स्तर पर गहनता से कर ली जाये तभी परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में जमा किये जायें।

1.
   (i) परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16.12.2009 में लिये गये निर्णयानुसार उत्तर प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त किसी अभ्यर्थी को निवास प्रमाण–पत्र लगाने की आवश्यता नहीं होगी, परन्तु उत्तर प्रदेश में रहने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अपनी अर्हता परीक्षा, उत्तर प्रदेश से बाहर अन्य किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है, तो डी0एम0, ए0डी0एम0, एस0डी0एम0 द्वारा निर्गत डोमीसाइल प्रमाण–पत्र/उत्तर प्रदेश में निवास स्थान का आधार कार्ड फार्म के साथ संलग्न करने पर, इस विश्वविद्यालय की व्यक्तिगत परीक्षा में बिना विशेष शुल्क दिये सम्मिलित हो सकते हैं अन्यथा की स्थिति में रू0 5,500/- विशेष शुल्क देय होगा। **परीक्षा फार्म भरने की तिथि के बाद निर्गत डोमीसाईल प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड मान्य नहीं** होगा।

   (ii) विशेष शुल्क सम्बन्धी यह प्रावधान इस विश्वविद्यालय की व्यक्तिगत परीक्षा में शामिल होने वाले केवल नवीन छात्रों पर ही लागू होगा। ऐसे छात्र/छात्रा जो पहले से ही चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में पंजीकृत/नामांकित हैं अर्थात् यदि विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें नामांकन संख्या आवंटित है, उन्हें विशेष शुल्क से छूट होगी।

2. बिना प्रवजन प्रमाण–पत्र जमा किये किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा फार्म के साथ प्रवजन प्रमाण–पत्र मूलरूप में (In Original) संलग्न करना अनिवार्य है। यदि किसी परीक्षार्थी का मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र खो जाता है तो ऐसी स्थिति में परीक्षार्थी को प्रवजन प्रमाण–पत्र की द्वितीय प्रति मूल रूप में प्रस्तुत करनी होगी। प्रवजन प्रमाण–पत्र की छाया प्रति मान्य नहीं होगी।

3. परीक्षा फार्म के प्रथम पृष्ठ पर दिया गया प्रमाण–पत्र सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य / प्राचार्या द्वारा हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है। रिक्त होने अथवा उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य से हस्ताक्षरित होने पर परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा।
4. योग्यता परीक्षा यू0पी0 बोर्ड के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होने पर उस बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय का माइग्रेशन सर्टिफिकेट मूल रूप में परीक्षा फार्म के साथ लगाना आवश्यक है। अन्यथा परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा। प्रतिकृति हस्ताक्षर (facsimile signature) मान्य नहीं होंगे।
5. **अन्य विश्वविद्यालय से प्रथम / द्वितीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी को चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय की द्वितीय / तृतीय वर्ष की परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में बैठने की अनुमति नहीं है।**
6. **विदेशी अभ्यर्थी को व्यक्तिगत परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं है।**
7. **10+2 परीक्षा पद्धति अथवा उसके समकक्ष परीक्षा पास अभ्यर्थी ही विश्वविद्यालय की बी0ए0 / बी0कॉम0 (त्रि–वर्षीय पाठ्यक्रम) की प्रथम वर्ष की परीक्षा में इस विश्वविद्यालय के निर्धारित नियमों के अन्तर्गत सम्मिलित हो सकते हैं। छात्र / छात्रा द्वारा 10+2 परीक्षायें इस विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।**
8. **राष्ट्रीय ओपन स्कूल से उत्तीर्ण अथवा सैकेन्डरी व सीनियर सैकेन्ड्री परीक्षा 10+2 परीक्षा पद्धति से पांच विषयों में उत्तीर्ण होने पर ही बी0ए0 / बी0कॉम0 प्रथम भाग की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। 11 वर्षों में ही सीनियर सैकेन्डरी अथवा चार विषयों में इण्टर / अर्ह परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं है।**

   **Note :** No candidate will be considered eligible for admission to B.A./B.Com. on the basis of having passed any Diploma from the Board of Technical Education U.P. or by any other board. Any Earlier decision of the University regarding recognition of such Diplomas is hereby RESCINED.
9. 10+2+3 (10+2+2 वर्ष 1986 तक) परीक्षा पद्धति के अन्तर्गत उत्तीर्ण स्नातक अभ्यर्थी ही विश्वविद्यालय की एम0ए0 / एम0कॉम0 परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अर्ह हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी की हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट तथा स्नातक परीक्षायें इस विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जिन्होंने 10+1+3, 11+3 अथवा उसके समकक्ष पद्धतियों से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की हैं वे इस विश्वविद्यालय की एम0ए0 / एम0कॉम0 की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
10. वैध प्रवेश–पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होना अथवा महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना परीक्षा में सम्मिलित कराया जाना मान्य नहीं होगा और अभ्यर्थी इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होगा।
11. विश्वविद्यालय के नियमानुसार परीक्षार्थी को तीन वर्षीय परीक्षा तथा दो वर्षीय परीक्षा पूर्ण सीमावधि की गणना शैक्षिक सत्र से की जायेगी जो क्रमशः तीन वर्षीय पाठ्यक्रम को छः वर्ष में तथा दो वर्षीय पाठ्यक्रम को चार वर्ष में पूर्ण कर लेना होगा अन्यथा उसके द्वारा उत्तीर्ण पूर्व परीक्षा रद्द समझी जायेगी।
12. अभ्यर्थी को आवेदन–पत्र के साथ संलग्न विषय / तथा उस विषय से सम्बन्धित आवेदन–पत्र में अंकित प्रश्न–पत्रों का ही चयन करना है, किसी अन्य विषय / प्रश्न–पत्र की अनुमति नहीं दी जायेगी।
13. **विश्वविद्यालय ऐसे अभ्यर्थी को दी गई अनुमति वापस ले सकता है, जिसे विश्वविद्यालय ने भूलवश अथवा त्रुटिवश परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान कर दी हो जबकि वह परीक्षा में बैठने के लिए अर्ह न हो।**
14. परीक्षा उत्तीर्ण होने के उपरान्त भी तथ्य गलत होने पर विश्वविद्यालय किसी भी ऐसे परीक्षार्थी का परीक्षाफल / उपाधि रद्द कर सकता है जिसने विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध कार्य किया हो अथवा जिसने परीक्षा फार्म के साथ जाली प्रमाण–पत्रों की प्रतियाँ संलग्न की हों। यदि जाँच में किसी भी समय प्रमाण–पत्र फर्जी पाये गये तो अभ्यर्थी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी।
15. अभ्यर्थी भली–भाँति यह सुनिश्चित कर लें कि **परीक्षा फार्म आनलाईन भरने के पश्चात् विषय / प्रश्न–पत्र एवं केन्द्र परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
16. जिन छात्रों ने किसी बाह्य विश्वविद्यालय से, एक वर्षीय (सिंगल सिटिंग) पाठ्यक्रम से वर्ष 1998 के बाद स्नातक उपाधि प्राप्त की है, वे परास्नातक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अर्ह नहीं हैं।
17. **जिन छात्रों ने सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से उत्तर मध्यमा एवं शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण की है वे क्रमशः बी0ए0 तथा एम0ए0 (केवल संस्कृत) की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।**
18. **जिन छात्रों ने साहित्य सम्मेलन, प्रयाग (इलाहाबाद) से परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे इस विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं हैं।**
19. बी0बी0ए0 तथा बी0सी0ए0 की परीक्षा, क्रमशः बी0कॉम0 तथा बी0एस–सी0 (गणित) की स्नातक उपाधि के समतुल्य मानी जायेगी।
20. व्यक्तिगत छात्रों को स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रायोगिक विषय / डेजरटेशन (Dissertation) लेने की अनुमति नहीं है।
21. अभ्यर्थी, जिसने आबिद, कामिल परीक्षा जामिया–ए–उर्दू, अलीगढ़ से उत्तीर्ण की है वे इस विश्वविद्यालय में किसी भी विषय में प्रवेश के लिए अर्ह नहीं हैं।

**IMPORTANT :** Candidate who have passed any examination from "All India Board of Secondary Education, Delhi" (अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद्, दिल्ली), "Central Board of Higher Education, Uttam Nagar, New Delhi" (केन्द्रीय उच्चतर शिक्षा परिषद्, उत्तम नगर, नई दिल्ली), "Central Board of High Education, East Patel Nagar, New Delhi" (केन्द्रीय उच्च शिक्षा परिषद्, पूर्व पटेल नगर, नई दिल्ली), "Board of Adult Education & Training, Aliganj, Mubarakpur, New Delhi" (वयस्क एवं तकनीकी शिक्षा परिषद्, अलीगंज, मुबारकपुर, नई दिल्ली) तथा "Gurukul Vishvidyalaya, Vrindavan" (गुरूकुल विश्वविद्यालय वृन्दावन) etc. are not eligible for admission to any course of study in this University.

उक्त के अतिरिक्त प्रवेश हेतु पात्रता सम्बन्धी बोर्ड/विश्वविद्यालय की सूची निर्धारित प्रवेश नियमावली के अनुरूप ही मान्य होगी।

22. परीक्षार्थी को परीक्षा फार्म के साथ आवश्यक प्रमाण–पत्रों को संलग्न करके अपने चयनित केन्द्र/महाविद्यालय में निर्धारित तिथि के अन्दर जमा करना होगा, जिसकी केन्द्र/महाविद्यालय से रसीद प्राप्त कर एवं चालान फार्म की एक प्रति परीक्षार्थी को सुरक्षित रखनी चाहिए।

23. किसी भी कारण से यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है अथवा परीक्षा फार्म निरस्त हो जाता है तो उसका परीक्षा शुल्क नहीं लौटाया जायेगा और न ही अगली परीक्षा के लिए सुरक्षित किया जायेगा।

24. स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्रा ही स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष का परीक्षा फार्म भरने के लिए अर्ह है।

25. स्नातक तृतीय वर्ष की बैक पेपर परीक्षा में शामिल छात्र स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष का परीक्षा फार्म नहीं भर सकता है।

26. विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 14.08.2018 के मद संख्या–2 के अनुपालन में विश्वविद्यालय की व्यक्तिगत परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरवाये जाने हेतु बनायी गयी समिति के निर्णयानुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्गत पत्रांक D.O.No. 1-15/2015(CPP-II) दिनांक अगस्त, 2015 के आधार पर ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने द्विवर्षीय स्नातक उपाधि वर्ष 1986 तक पूर्ण कर ली है और ऐसे अभ्यर्थी परास्नातक स्तर (एम0ए0/एम0काम0) हेतु आवेदन करना चाहते हैं उन्हें भी व्यक्तिगत पंजीयन/परीक्षा फार्म भरे जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

27. स्नातक स्तर (बी0ए0/बी0काम0) में सन्दर्भित अभ्यर्थी केवल एक कोड/ग्रुप के साथ फाउण्डेशन कोर्स के साथ एक क्वालीफाईग कोर्स हेतु तथा परास्नातक स्तर (एम0ए0/एम0काम0) हेतु पाँच विषय कोड वाले एक कोड में तथा छः या छः से अधिक विषय कोड वाले दो कोडों की बैक पेपर परीक्षा हेतु ही अर्ह होंगे।

28. अभ्यर्थी जिस सत्र की मुख्य परीक्षा में अभ्यर्थी सम्मिलित हुआ है वह केवल उसी सत्र में आयोजित होने वाली बैक पेपर परीक्षा हेतु अर्ह होगा। पूर्व के वर्षों में सम्मिलित अभ्यर्थी बैक पेपर परीक्षा हेतु अर्ह नहीं होंगे। उक्त के अतिरिक्त किसी भी दशा में री–बैक अनुमन्य नहीं है।

29. **उक्त के अतिरिक्त पात्रता सम्बन्धी शेष नियम संस्थागत छात्र/छात्राओं हेतु निर्धारित प्रवेश नियमावली शैक्षिक–सत्र 2022-23 के अनुरूप ही मान्य होंगे। सन्दर्भित नियम विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध हैं।**

30. यदि कोई विधिक विवाद उत्पन्न होता है तो इसका परिक्षेत्र माननीय उच्च न्यायालय, प्रयागराज में निहित होगा।

<u>विशेष नोट</u> :–

अभ्यर्थी उपर्युक्त निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के उपरान्त ही व्यक्तिगत परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरें अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा हो जाने की स्थिति में परीक्षाफल निरस्त किया जा सकता है।

11/01


सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

# छात्र द्वारा
# परीक्षा फॉर्म भरने
# के लिए
# लाभकारी मैनुअल

(हिंदी)

इस **User Manual** में प्राइवेट परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए एक छात्र (एफिलिएटेड  कॉलेज या विश्वविद्यालय कैंपस) के लिए आवश्यक कदम शामिल हैं।


स्टेप 1: यूजर को अपने ब्राउज़र पर नीचे दिया गया लिंक सर्च करना होगा:
**https://ccsu.aimserp.co.in/web/registration/student-exam-form-private**
यह लिंक यूजर को रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर ले जाएगा।




स्टेप 2: यूजर को परीक्षा फॉर्म भरने से पहले  रजिस्ट्रेशन करना होगा, इसके लिए यूजर को फॉर्म में पूछे गए जरुरी जानकारी भरनी होगी, जिसमें First name, middle name, last name, Authenticate email & Phone no और Date of birth शामिल है। उसके बाद यूजर को पासवर्ड सेट करना होगा और दाईं ओर रजिस्टर बटन पर क्लिक करना होगा जिस से यूजर रजिस्टर हो जाएगा।

स्टेप 3: सक्सेफुल  रजिस्ट्रेशन करने के बाद यूजर उसी पेजपर पहुंच जाएगा, उसके बाद यूजर को साइन इन करने के लिए ईमेल और पासवर्ड फील करना होगा जो उसने ने रजिस्ट्रेशन करते समय डाला था।

स्टेप 4: एक बार जब यूजर सक्सेफुल साइन इन कर लेता है तो यूजर को परीक्षा फॉर्म पर ले जाया जाएगा। यूजर को फॉर्म  में अपना नाम, ईमेल और फोन नंबर देखेगा,




• यूजर को जरुरी जानकारी जैसे पिता का नाम, माता का नाम ,आधार संख्या, छात्र का नाम (हिंदी), पिता का नाम (हिंदी), माता का नाम (हिंदी), Permanent Address,state,city,District,Pincode और Correspondence Address फील करना होगा।

• यूजर को सभी अनिवार्य क्षेत्रों का चयन करना होगा जैसे कि लिंग, धर्म, श्रेणी का नाम(Category), अधिवास(Domicile), बोर्ड, परीक्षा का माध्यम कार्यक्रम का नाम(Medium of Examination), कॉलेज का नाम(College name) भरना होगा।

दो प्रश्न


1. यदि पहले से ही चौधरी स्टेप सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में नामांकित हैं,

2. क्या आप पीएचडी कर रहे हैं या भारत/विदेश के किसी अन्य विश्वविद्यालय से कोई अन्य डिग्री?


• यूजर को परीक्षा फॉर्म में पूछे गए पिक्सेल और साइज के अनुसार अपने फोटो और हस्ताक्षर के साथ अपना निवास प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा।

सभी आवश्यक विवरणों को अपडेट करने के बाद यूजर को परीक्षा फॉर्म के साथ आगे बढ़ने के लिए नेक्स्ट बटन पर क्लिक करना होगा।

स्टेप 5: इस फॉर्म में यूजर को अपनी ऐकडेमिक डिटेल्स भरनी होंगी.




स्टेप 6: नेक्सट बटन पर क्लिक करने के बाद यूजरओं को विषयों को सेलेक्ट कर सकता है




.
** इन विषयों को प्रोग्राम कॉन्फ़िगरेशन के आधार पर डिस्ट्रीब्यूट किया जाता है और यूजर को स्क्रीन पर दिए गए निर्देशों के आधार पर विषयों का सेलेक्ट करना होता है

आवश्यक विषयों का चयन करने के बाद, यूजर चयनित विषयों को सेव करने के लिए सेव बटन पर क्लिक कर सकता है, या विषयों को फिर से चुनने के लिए डिस्काअर्ड पर क्लिक कर सकता है।

परीक्षा फॉर्म का पेमेंट पूरा होने से पहले यूजर को विषयों को अपडेट करने का विकल्प मिलेगा।

• आवश्यक विषयों का चयन करने के बाद, पेमेंट गेटवे पेज पर जाने के लिए छात्र को Make Payment पर क्लिक करना होगा, जहां वे पेमेंट पूरा कर सकते हैं।


• सक्सेसफुल पेमेंट पूरा करने के बाद, यूजर अपना परीक्षा फॉर्म डाउनलोड कर सकेंगे.

**यदि परीक्षा फॉर्म को फील करते समय यूजर को कोई समस्या आती है, तो वे हेल्पडेस्क टीम से ईमेल हेल्पलाइन:helpdeskaimserp@gmail.com,+918445919103 के माध्यम से जुड़ सकते हैं या +911212997771, +911212997772 पर कॉल कर सकते हैं।

# User Manual Document
# For
# Private Examination Form Submission

This document consists of the steps required for a student (Affiliated college or University campus) to submit the Examination Form for Private Examination.


Step 1: User has to enter the link: https://ccsu.aimserp.co.in/web/registration/student-exam-form-private on their browser. This link will land the user to the registration form




Step 2: The user has to register first before filling the exam from for that the user has to fill the mandatory details asked in the form, that includes First name, middle name, last name, Authenticate email &phone no and date of birth.
After that user has to set the password and click to **register** button on right and the user will be registered

Step 3: After successfully registering the user will land to the same page itself, after that user has to enter the email (the user previously registered with) and the password (the user already set while registering) to sign in.


Step 4: Once the user sign in successfully now the user will be landed to the exam form. The user will see his/her Name, email and Phone number at the of the form, All of these Fields will be prefilled and un-editable.




- The user has to enter MANDATORY DETAILES such as father name, Mothers name Aadhar number, Student name (Hindi), Father name (Hindi), Mothers name (Hindi), Nationality, Permanent address, State, City, District, Pin code and Correspondence address.
- The user has to select all the mandatory fields such as Gender, Religion, Category name, Domicile, Board, Medium of examination Program name, College Name, Two questions (1.If already enrolled with Chaudhary Charan Singh University, Meerut , 2.Whether doing Ph.D. or any other degree of any other university in India/Abroad?)
- The user will also have to upload their Domicile Certificate along with their photo and signature as the size and format asked in the exam form.

After updating all the required detail user has to click on **next** button to proceed with the exam form.


Step 3: In this form user has to fill all the student academic details which are mandatory to fill.



Step 4: After clicking on **Next** button User will get the feasibility to select the subjects.

** User has to select the based on the subject type displayed in the screen. These subjects are classifies based upon the program configuration and the user has to select the subjects based on the instructions given on the screen, such as mandatory subjects and the number of subjects to be selected in a group.

- After selecting the required subjects, the user can click on **Save** button, to save the selected subjects, or click on discard to selects the subjects again.




**The user will get the option to update the subjects before completion of payment of examination form.

- After Selecting the required subjects, student has to click on **Make Payment** button to proceed to the payment gateway page, where they can complete the payment.

- After completing the payment successfully, user will be able to download their Examination Form.

**If the user face any issue while filling verifying the examination form, they can connect with the helpdesk team through email helpline: helpdeskaimserp@gmail.com or WhatsApp no. +918445919103 or connect over call +911212997771 ,+911212997772 during the working hours/day: